ISO 9001:2015 CERTIFIED

"दूसरों को माफ करना, खुद को माफ करने जैसा है।"

साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइन्स

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है..

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा | प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा | साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 06 | नीमच, बुधवार 30 जुलाई से 5 अगस्त 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5₹

## न्यूज़ गैलेरी

### रेलवे की सभी सुविधाएं अब एक ही एप पर, रेलवन ऐप लॉन्च



रेल प्रशासन ने यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग से लेकर भोजन ऑर्डर तक की सभी सेवाएं एक ही ऐप पर देने का निर्णय लिया है। इसके लिए 'रेलवन एप लॉच किया गया है। अब दर्जनों ऐप्स की झंझट से मुक्ति मिलेगी। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक यह ऐप यात्री सुविधाओं का वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। ऐप की सबसे खास बात है इसका सिंगल साइन-ऑन फीचर, जिससे यूजर को कई पासवर्ड या आईडी याद रखने की जरूरत नहीं होगी। यूटीएस या रेल कनेक्ट ऐप की मौजूदा आईडी से ही लॉगिन किया जा सकेगा।

इससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। RailOne ऐप डाउनलोड करने के बाद, RailConnect या UTSonMobile ऐप की मौजूदा यूज़र आईडी से लॉगिन किया जा सकता है। इसके कारण उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप रखने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे डिवाइस की स्टोरेज भी बचती है।

### 25 वर्षीय युवक की मौत

**नीमच** की सगराना घाटी के पास 25 वर्षीय युवक के सीने में दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान एराज बैरवा के रूप में हुई। वह राजस्थान, कोटा जिले के देवली तहसील के बड़ाला गांव का रहने वाला था। एराज अपने दोस्तों के साथ सोमनाथ, द्वारकाधीश और उज्जैन की धार्मिक यात्रा पूरी कर घर जा रहा था।

# मनासा विधानसभा के ग्राम उगरान कि जर्जर बिल्डिंग में आंगनवाड़ी के मासूम बच्चे बैठने को मजबूर

## स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शायद बड़े हादसे का इंतजार






**मनासा।** आंगनबाड़ी भवन के अभाव में आज भी छोटे छोटे बच्चे कभी इधर कभी उधर शिफ्ट करना पड रहा है। नीमच जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर गांव उगरान में आंगनबाड़ी भवन काफी खस्ता हाल में है। ऐसे में समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोई अनहोनी हो सकती है। ऐसे में ग्राम उगरान के दो जागरूक युवक अर्जुन धनगर व रामकृष्ण किर ने जर्जर हो चुके आंगनवाड़ी भवन कि खस्ता हालत देखकर जिम्मेदार लोगों से सम्पर्क किया तो पता चला की बारिश से पहले बच्चों को माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष में शिफ्ट कर दिया है। जब दोनों युवक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष में पहुंचे तो उसकी हालत ओर खतरनाक हो रही थी। दोनों युवकों ने माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त कक्ष खाली करवाया। राजस्थान के झालावाड़ में जिस प्रकार जर्जर बिल्डिंग की वजह से कई मासूम बच्चों का दुःखद निधन हो गया। ऐसे में जर्जर भवन में बच्चों को रखना किसी अनहोनी को को निमंत्रण देना जैसा है। आपको बता दे कि यहां आंगनबाड़ी भवन कि मांग पिछले लगभग आठ साल से हो रही है। परंतु अभी तक इस मामले को गंभीरता से कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं ले रहा है। यहां तक की जनप्रतिनिधियों को भी कई बार कहने पर भी बच्चों के बैठने के लिए आंगनवाड़ी भवन की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इस बात को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी अच्छा खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि अगर आने वाले समय जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन निर्माण नहीं हुआ तो जनप्रतिनिधियों का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## मंदिर में चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश,सरवानिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता




**नीमच** । ग्राम सरवानिया पुलिस ने काल भैरव मंदिर और खेड़ापति मंदिर से चोरी में होने वाली चोरी की वारदात को ट्रेस कर लिया है। मंदिरों में हुई चोरी का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम गठन किया। पुलिस टीम ने आस पास के क्षेत्र में पूछताछ की, मुखबिरी तंत्र मजबूत किया, गहनता से विवेचना कर मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

### ये चोर पकड़े गए

1.सुनील पिता रमेश भील उम्र 20 वर्ष निवासी मड़ावदा

2.कैलाश पिता लक्ष्मण भील उम्र 30 वर्ष निवासी मड़ावदा

3.पंकज उर्फ इंदरसिंह पिता शांतिलाल बंजारा उम्र 28 वर्ष निवासी मड़ावदा






# गंभीर बीमारियों और सर्जरी के खर्चे से मिली निजात

## आयुष्मान भारत योजना का मिल रहा नीमच जिले के ग्रामीणों को लाभ

**नीमच**। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य और बेहतर ईलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू की हैं। इस योजना का लाभ भी लोगों को मिल रहा है। नीमच जिले के गांव-गांव में भी आयुष्मान भारत योजना पहुंची है, इसके माध्यम से लोगों को नया जीवन मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना, (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) के आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से सितंबर 2018 में शुरू की गई। यह योजना दुनिया की सबसे बड़ा सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है, इससे गांवों को पीएमजेएवाय का लाभ और आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजनाके तहतप्रति वर्ष प्रत्येक पात्र परिवार को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार की सुविधा मिल रही है। इसका लाभ देश भर के सूचीबद्ध अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से लिया जा सकता है।पीएमजेएवाय योजना कई तरह की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। इनमें डायग्नोस्टिक टेस्ट, डॉक्टर से परामर्श और कई तरह की बीमारियो का इलाज शामिल है। इसमें द्वितीयक और तृतीयक अस्पताल में भर्ती होने के खर्च भी शामिल हैं। साथ ही, गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) शुल्क और अन्य संबंधित चिकित्सा खर्च भी शामिल हैं।नीमच जिले की जावद तहसील के गांव उम्मेदपुरा और मेंढकी के आयुष्मान कार्ड धारकों को भी इस योजना का लाभ मिला है, जिसमे किसी की हार्ट सर्जरी तो किसी के एंजियोप्लास्टी तो किसी के पथरी जैसी बीमारियों का 5 लाख तक का निःशुल्क ईलाज संभव हो पाया है। गांव मेंढकी में छोटी सी किराना दुकान लगाने वाले राजाराम बैरागी और कृषक लाभचंद धाकड़ की एंजियोप्लास्टी, उम्मेदपुरा के बंधेज का कार्य करने वाले अशोक कुमार छीपा की एंजियोप्लास्टी और फर्नीचर की दुकान संचालित करने वाले श्री दिलीप कुमार पिरिया की बायपास सर्जरी आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत निःशुल्क हुई। उम्मेदपुरा के कृषक श्री रघुनाथ सिंह पंवार की पथरी का ऑपरेशन भी इस योजना से निःशुल्क हुआ हैं। ग्राम पंचायत उम्मेदपुरा के सचिव श्री जयप्रकाश मेड़तवाल ने बताया, कि आयुष्मान भारत योजना से ग्रामवासियों को लाभ मिला है। हमारे गांव की कुल जनसंख्या 2508 है इसमे से 1943 आयुष्मान कार्ड बनवाए हैं।

# झांतला में धाकड़ महासभा युवा संघ व टीम जीवनदाता के सयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर में 639 यूनिट रक्तदान हुआ

रिपोर्ट प्रदीप जैन



**सिंगोली**। धाकड़ महासभा युवा संघ और टीम जीवनदाता टीम द्वारा रविवार को झांतला स्थित जानकी विधा मन्दिर परिसर में नीमच जिले में अब तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जिसमे रक्तदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर के दौरान पुलिस कर्मियों ने भी अपना लहू देकर रक्तदाताओं के हौसले बुलंद किये। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुचे ओर रक्तदान करने के लिये उत्साह पूर्वक कतार में खड़े रहे। खासकर रक्तदान शिविर में युवाओं ने विशेष रूप से उत्साह दिखाई दिया। और यह संदेश दिया कि वे समाज के लिये समर्पित है । आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान को बढ़ावा देना और समाज मे सेवा की भावना को सशक्त करना था। शिविर के दौरान धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर अर्जुन धाकड़ ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि रक्तदान महादान है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का जीवन बचा सकती है। सभी को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रहता है। धाकड़ ने आगे बताया कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जागरूकता फैलाना था कि कैसे रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। विशेष रूप से, कैंसर, दुर्घटना में घायल, अंग प्रत्यारोपण या किसी बड़ी सर्जरी से पीड़ित मरीजों को रक्त की सख्त जरूरत हो सकती है और हमारा रक्त उनकी जान बचा सकता है। धाकड़ महासभा युवा संघ आगे भी निरंतर रक्तदान शिविर आयोजित करता रहेगा। रक्तदान शिविर के दौरान पुलिस थाना सिंगोली के सब इंस्पेक्टर शिवराज सिंह ने सर्व प्रथम अपना ब्लड डोनेट कर बताया कि रक्तदान महादान है, ऐसा सभी कहते ओर मानते है। इसके साथ ही में कहना चाहूंगा कि विज्ञान ने चाहे जितनी भी तरक्की कर ली हो लेकिन अभी तक ऐसी कोई खोज नही हो पाई है । जिससे मरीज को जब खून की जरूरत हो तो वह किसी फेक्ट्री में बने खून से अपनी जरूरत पूरी कर सके याद रहे खून की कमी को इंसान के खून से ही पूरा किया जा सकता है इसीलिए धाकड़ महासभा युवा संघ व टीम जीवन दाता द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया निश्चिंत ही धाकड़ महासभा युवा संघ व टीम जीवनदाता द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम होगी।

रक्तदान शिविर में सर्व प्रथम भगवान धरणीधर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के बाद रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया शिविर में रोटरी ब्लड बैंक नीमच, अरिहंत हॉस्पिटल ऐंड रिचर्स भीलवाड़ा व भीलवाड़ा ब्लड बैंक द्वारा 639 लोगो ने अपना स्वेच्छिक़ रक्तदान किया। आपको बता दे की विगत दिनों झांतला में धाकड़ समाज द्वारा समाज मे अब तक ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन जो एक यादगार बनाकर समाज ने झांतला का नाम रोशन किया तो अब धाकड़ महासभा युवा संघ व टीम जीवन दाता द्वारा जिले का अब तक का सबसे बड़ा विशाल रक्त दान शिविर आयोजित कर सिंगोली- झांतला क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया। शिविर में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, कांग्रेस के कद्दावर नेता सत्यनारायण पाटीदार, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बद्रीलाल पटेल, जिला भाजपा महामंत्री अशोक विक्रम सोनी ,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी, सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता की।

# बघाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## कृषि उपज चुराने वाले दो चोर किए गिरफ्तार



**नीमच**। बघाना पुलिस ने थाना प्रभारी निलेश अवस्थी के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही करते हुए कृषि उपज चुराने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया हैं। जो चोर पकड़े गए हैं वे ग्राम केंसुदा के निवासी है और चोरी की वारदात में लिप्त रहे हैं। दिनांक 27.07.25 को फरियादी नवप पिता निर्मल कुमार जैन निवासी महाराणा बंगला नीमच केंट की रिपोर्ट पर दिनांक 22.07.25 की रात्रि मे अज्ञात चोर द्वारा 04 क्विंटल 40 किलो धनिया गोदाम से चोरी होने पर थाना बघाना पर अपराध क्रमांक 251/27.07.25 धारा 331(4),305 बीएनएस का कायम किया गया था विवेचना मे तकनीकी साक्ष्य व सीसीटीवी फुटैज के माध्यम से कडी से कडी जोडते हुए संदेही व्यक्ति .लोकेश पिता कारूलाल आंजना उम्र 23साल निवासी केसुंदा प्रणय उर्फ नीरज पिता मुकेश कैथवास उम्र 23साल निवासी बघाना को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार लिया है। इनकी निशादेही से अपराध मे चोरी हुआ 04 क्विंटल 40 किलो धनिया व घटना मे प्रयुक्त 01 मोटर साइकल कीमती 1 लाख 50 हजार रूपये जप्त किया गया व अन्य थानो की पुलिस के द्वारा भी आरोपीयो से पुछताछ की जा रही है ।

# जीरन पुलिस ने 1 किलो 200 ग्राम अफीम सहित 2 आरोपी किये गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट - दुर्गाशंकर लाला भट्ट




**जीरन**। पुलिस अधीक्षक अंकित जयसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम जीरन द्वारा 01 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। जानकारी अनुसार दिनांक 27.07.2025 को चैकिंग के दौरान पुलिस सहायता केन्द्र के समाने हर्कियाखाल फंटा फोरलेन हाईवे रोड़ पर आरोपी अनिल पिता रामलाल बागरी उम्र 24 साल निवासी बामनिया थाना नीमच सिटी के द्वारा एक प्लास्टिक कि पानी की बोतल को नीचे से काटकर उसके स्कीम बनाकर ले जा रही 01 किलो 200 ग्राम अवैध मादक अफीम किमती 01 लाख 20 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी अनिल पिता रामलाल बागरी उम्र 24 साल निवासी बामनिया थाना नीमच सिटी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जप्त अफीम के संबंध में पुछताछ करते जप्तशुदा अफीम धमेन्द्र पिता राधेश्याम पाटीदार निवासी बामनिया से लाना बताया है। प्रकरण में धमेन्द्र पाटीदार को आरोपी बनाया जा कर दिनांक 28.07. 2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश यादव थाना प्रभारी जीरन व टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# किसान अपनी फसलों की सतत निगरानी रखें - कीट व्याधि के प्रकोप होने पर नियंत्रण के उपाय करें- डा.पचौरी



**नीमच**। जिले में फसल अवधि लगभग एक माह से ज्यादा हो चुकी है। किसानों को सलाह दी गई है, कि फसलों की सतत निगरानी रखते हुए निंदा एवं कीट व्याधि का नियंत्रण करें। यदि सोयाबीन में कीट का प्रकोप दिखाई दे तो किसान भाई नियंत्रण के लिए क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत एस.सी. दवा की 150 मिली मात्रा प्रति हेक्टेयर अथवा पूर्व मिश्रित बीटा सायफ्लुथ्रिन + इमिडाक्लोप्रिड 350 मिली प्रति हेक्टेयर अथवा थायोमिथॉक्सम + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 125 मिली प्रति हेक्टेयर के मान से छिड़काव करें। साथ ही मक्का फसल में यदि फाल आर्मी वर्म कीट/इल्ली का प्रकोप दिखाई दे, तो नियंत्रण हेतु इमामेक्टीन बैजोएट दवा 220 ग्राम प्रति हेक्टेयर अथवा क्लोरएन्ट्रानीलीप्रोल + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन की 200 मिली मात्रा प्रति हेक्टेयर के मान से छिड़काव करें।इसी तरह मूंगफली में सफेद लट नियंत्रण हेतु क्लोथियानीडीन 50 प्रतिशत डब्ल्यू डी जी की 250 ग्राम मात्रा प्रति 1000 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रेंचिंग करें। मूंगफली में व्याधि नियंत्रण हेतु पूर्व मिश्रित टेबुकोनाजोल + सल्फर की 1 किग्रा मात्रा प्रति हेक्टेयर के मान से छिड़काव करें। उड़द-मूंग या सब्जी कुल की फसलों में जहां रसचूसक कीटों का प्रकोप दिखाई दे, तो नियंत्रण हेतु डाईमिथोएट 30 प्रतिशत ईसी की 750 मिली मात्रा प्रति हेक्टेयर के मान से छिड़काव करे। साथ ही खेतों में पानी भरने की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था करें। फलदार पौधों में कीट नियंत्रण हेतु डाईमिथोएट 1.5 मिली एवं कॉपर आक्सीफ्लोराइड 50 डब्ल्यू.पी. की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के मान से स्प्रे करें। सोयाबीन में जैविक नियंत्रण हेतु 30 से 40 टी आकार की खूंटिया बर्ड परचर खेत में लगाए। कृषि वैज्ञानिक श्री सी.पी.पचौरी ने किसानों को कीट व्याधि नियंत्रण के लिए उक्त उपाय करने की सलाह दी हैं।

# अजा, अजजा छात्रावासों में सीटों की पूर्ति 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से करें- भाभर

### जनजातीय कार्य विभाग के संभागीय उपायुक्त ने नीमच की विभागीय छात्रावासों में प्रवेश की समीक्षा

**नीमच** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों में स्वीकृत सीटों के अनुसार प्रत्येक छात्रावास में प्रवेश 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। 30 जुलाई के पश्चात् स्वीकृत सीटों में से सीटें रिक्त रहने की स्थिति में संबंधित छात्रावास अधीक्षकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह निर्देश संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास, उज्जैन श्री गणेश भाभरने शुक्रवार को आयुष भवन सभागृह, नीमच में जिले के सभी विभागीय छात्रावासों को अधीक्षकों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए दिये। बैठक में संभागीय उपायुक्त श्री भाभर ने विभागीय छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संस्थाओं में स्वीकृत सीटों के विरूद्ध कराए गए प्रवेश की संस्थावार समीक्षा की। उन्होने रिक्त सीटों वाली संस्थाओं के अधीक्षकों को 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से सीटों की पूर्ति करने के निर्देश दिये।संभागीय उपायुक्त श्री भाभर ने संस्थाओं को मरम्मत मद प्रदान की गई राशि के विरूद्ध कार्य नहीं कराने वाली संस्थाओं के अधीक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने छात्रावास योजना , छात्रावास संचालन नियमों, विभिन्न प्रकार के अभिलेखों के संधारण की प्रक्रिया, पालक समिति, वित्तीय प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया, सामग्री की उपलब्धता एवं अपलेखन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। श्री भाभर ने प्रत्येक छात्रावास में मीनू चार्ट, डिस्प्ले बोर्ड जिसमें छात्रावास अधीक्षक से प्रमुख सचिव तक के नाम अंकित हो, विद्यार्थियों की गतिविधियों के लिये समय सारणी अंकित कराने, संस्थाओं में निवासरत विद्यार्थियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिये।बैठक में जिला संयोजक श्री राकेश कुमार राठौर , सहित सभी विभागीय छात्रावासों के अधीक्षक-अधीक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# शिक्षा में गुणवत्ता सुधार की कलेक्टर नीमच की विशेष पहल

## कक्षाओं में विद्यार्थियों के बीच बेंच पर बैठकर ले रहे है शिक्षण कार्य का जायजा



**नीमच**। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष पहल की जा रही है । इसके तहत कलेक्टर समय समय पर शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर वे कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ बेंच पर बैठकर शिक्षको द्वारा करवाए जा रहे अध्यापन कार्य का जायजा ले रहे है । कलेक्टर श्री चंद्रा ने शुक्रवार नीमच विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय भवंरासा तथा शा.उ.मा.वि. पालसोडा का निरीक्षण किया । उन्होने भवरांसा की कक्षा पॉंचवी वआठवीं, की कक्षा में छात्र-छात्राओं के साथ बैंच पर बैठकर अध्यापन कार्य का जायजा लिया। साथ ही ब्लेक बोर्ड पर गणित , जोड,भाग ,गुणा, और घटाव से सम्बधित सवाल लिखकर विद्यार्थियों से हल करवाए और उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। कलेक्टर श्री चंद्रा ने उ.मा.वि.पालसोडा में भी कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में पहुॅचकर विद्यार्थियों के साथ बैंच पर बैठकर शिक्षण कार्य का जायजा लिया।कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो, शाला प्रमुखों को सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की पेरेन्टस,टीचर्स की मीटिंग आयोजित कर शालाओं मे विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर एंव शिक्षा गतिविधियों से अभिभावको और पालको को अवगत कराने के निर्देश दिए ।

# स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा के साथ हर्षोउल्लास से मनाया जाएगा

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां संबंधी बैठक सम्पन्न




**नीमच**। जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को परम्परागत हर्षोउल्लास, राष्ट्रभक्ति एंव पूरी गरिमा के साथ समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस मौके पर जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा तथा राष्ट्रीय एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला मुख्यालय नीमच पर स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी लेगें, तथा मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करेगें। मार्चपास्ट परेड में सी.आर.पी.एफ.,एस.ए.एफ.म.प्र. पुलिस,होमगार्ड,वन,एन.सी.सी.जूनियर एंव सीनियर स्काउट एंव रेडक्रास गाईड दल , शौर्य दल भी भाग लेगा। मुख्य समारोह शा.बा.उ.मा.वि.क्रमांक-2 नीमच पर होगा।कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों की बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कलेक्टर ने लोक निर्माण, शिक्षा, न.पा.,विद्युत मण्डल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को 15 अगस्त 2025 पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दायित्व सौंपें। बैठक में एसपी श्री अंकित जायसवाल,एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम श्री संजीव साहू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया,कि नीमच नगरीय क्षेत्र की सभी शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालयों में प्रातः8.15 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। तदश्चात विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी प्रभात फेरी के रूप में प्रातः8.30 बजे तक मुख्य समारोह स्थल पहुंचकर समारोह में भाग लेंगे।बैठक मेंन.पा.को समारोह स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पी.टी.प्रदर्शन चयन हेतु समिति गठित की गई,और समारोह की गरिमानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस हेतु विद्यालय-स्तर पर शिक्षण संस्थाओं द्वारा पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए गए। पी.टी.परेड एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास 5 अगस्त 2025 से प्रारम्भ होगा तथा पूर्वाभ्यास के पश्चात अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त 2025 को प्रातः 9 बजे किया जाएगा।जिला मुख्यालय सहित सभी स्थानों, शासकीय कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों पर 15 अगस्त 2025 को रौशनी की जाएगी।सभी जिला अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है,कि वे अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण के बाद मुख्य समारोह में अनिवार्य रूप से भाग लेगें।बैठक में कलेक्टर ने कहा,कि स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को वितरित की जाने वाली मिठाई की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल,साफ-सफाई व्यवस्था,मय एम्बूलेंस के चिकित्सा दल तैनान करने के निर्देश भी संबंधित विभाग अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमजनों की भागीदारी एवं उपस्थिति बढाने के विशेष प्रयास करने के निर्देश भी सभी सम्बंधितों को दिए।

# जिले की शेष सड़कों, मार्गो, पुल, पुलियाओं पर संकेतक व बेरियर तत्काल लगवाए-चंद्रा

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न




**नीमच**। जिले में सभी संबंधित विभाग अपनी विभागीय सड़कों, मार्गो पर संकेतक सूचना बोर्ड लगाए, शेष रही पुल, पुलियाओं रपटों पर बेरियर लगवाए। यह कार्य तत्काल पूरा करवाए। जिससे, कि वर्षाकाल में दुघर्टना की सम्भावना ना रहे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम संजीव साहू, यातायात थाना प्रभारी श्री अमित सारस्वत, सीएमओ नीमच श्रीमती दुर्गा बामनिया, सभी निर्माण विभागों के अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने मण्डी के सहयोग से मण्डी में आने वाली 1000 ट्रेक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश आर.टी.ओ. को दिए। बसो, ट्रकों, ट्रेलरों पर भी संबंधित वाहनो मालिकों को रिफ्लेक्टर लगाने के लिए पाबंद कर रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाए। उन्होने आर.टी.ओ. को निर्देश दिए, कि यात्री बसों में उपज का परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही करें। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहे। कलेक्टर ने सगराना घाटी पर हाईवे के दोनो ओर अच्छी गुणवत्ता के ब्लीकर लगवाने के निर्देश भी एमपीआरडीसी महाप्रबंधक को दिए।बैठक में कलेक्टर ने नीमच शहर के मुख्य बाजार, मार्गो पर दुकानों के आगे वाहन, लगाकर, दुकान लगाकर, सामान रखकर यातायात अवरूद्ध करने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। न.पा.नीमच को मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनो ओर वाहन पार्किंग के लिए रोड़ मार्किंग करवाने के निर्देश भी दिए।बैठक में शहरी क्षेत्र में यातायात में बाधित अतिक्रमण हटाने, सड़कें, पुल, पुलिया, रपटों, घुमावदार मोड़ पर संकेतक, रम्बल स्ट्रीप बनवाने, सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं को कॉंजीहाउस या गोशालाओं में शिफ्ट करवाने, क्षतिग्रस्त मार्गो की मरम्मत प्राथमिकता से करवाने, झूलते विद्युत तारों को ठीक करवाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर ने की पंख अभियान की प्रगति की समीक्षा

बाछड़ा बाहुल्य ग्रामों के पंचायत सचिव अपने क्षेत्र की अधिकाधिक बालिकाओं को सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच में संचालित पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की परीक्षाओं की तैयारी एवं फिजिकल की तैयारी के लिए प्रेरित कर, प्रशिक्षण दिलवाए। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं में पात्र पांच-पांच हितग्राहियों का चयन कर एक माह में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं में हितलाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बाछड़ा समुदाय के कल्याण के लिए संचालित पंख अभियान नीमच की प्रगति की मासिक समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में बाछड़ा बाहुल्य सभी ग्रामों के पंचायत सचिव, सभी जिला नोडल अधिकारी, जिला अधिकारी सहित जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक, सुश्री किरण आंजना भी उपस्थित थी। बैठक में कलेक्टर ने संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत बाछड़ा समुदाय के अधिकाधिक हितग्राहियों को सेंट्रींग कार्य, पशुपालन, बकरीपालन, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला उद्योग आदि के लिए हितग्राहियों का चयन कर न्यूनतम पांच-पांच हितग्राहियों के प्रकरण तैयार करवाकर एक माह में ऋण स्वीकति एवं हितलाभ वितरण करवाने के निर्देश भी दिए।


कार्यालय नगर परिषद डीकेन जिला नीमच (म.प्र.)

क्रमांक-1238 रा.वि./2025-26 डीकेन, दिनांक-25/07/2025

!! भूखण्ड नीलामी (ई-निविदा) आमंत्रण सूचना !!

नगर परिषद डीकेन के स्वामित्व की [illegible] मार्ग व गुड़ाहोला मार्ग से हटकर यूआईडीएसएसएमटी योजना अंतर्गत भूखण्डो का आवंटन, निर्धारित शर्तो एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम, 2016 के नियमों व संशोधित नियम 04 मई 2021 अनुसार निम्न तालिका मे वर्णित संपत्तियों के विक्रय हेतु आनलाईन पद्धति से www.mptenders.gov.in.gov.in के माध्यम से ई-निविदा-कम-आक्शन भूखण्ड के सामने अंकित ई-निविदा /नीलामी आमंत्रित की जाती है।

| क. | आनलाईन निविदा कमांक | भूखण्ड क्रं. | भूखण्डों /भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्डों / भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) अनुमानित | भूखण्डों / भूखण्ड की प्ररक्षित प्रीमियम रूपये | भूखण्डों / भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रू. | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_380806_5 | 146 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 02 | 2024_UAD_380807_5 | 149 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 03 | 2024_UAD_380808_5 | 150 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 04 | 2024_UAD_380810_5 | 152 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 05 | 2024_UAD_380811_5 | 153 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 06 | 2024_UAD_380812_5 | 154 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 07 | 2024_UAD_380813_5 | 155 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 08 | 2024_UAD_380815_5 | 156 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 09 | 2024_UAD_380816_5 | 157 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |

शर्ते :-

1. आनलाईन भूखण्ड निलामी ई- निविदा प्रकाशन दिनांक 25.07.2025 से आनलाईन बीड प्रस्तुति करने की दिनांक 11.08.2025 सायं 17:00 बजे तक क्रय कर बिड ऑनलाईन डाली जा सकती है।
2. भूखण्ड नीलामी हेतु विस्तृत शर्त/नियम आनलाईन वेबपोर्टल www.mptenders.gov.in.gov.in तथा कार्यालयीन समय मे अवकाश के दिनों को छोडकर नगर परिषद की राजस्व शाखा मे देखी जा सकती है।
3. आनलाईन बीड समीट करने की अंतिम दिनांक- 11.08.2025 समय - 17:00 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल बेबसाईट www.mptenders.gov.in.gov.in पर किया जावेगा।
4. उपरोक्त निविदा के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेगें। पृथक से समचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।
5. ई-निविदा मे भाग लेने हेतु निविदाकार को उल्लेखित वेब पोर्टल पर दिये गए निर्देशानुसार डिजिटल सिग्नेचर बनवाई जाकर नजदीकी एम.पी.आनलाईन कियोस्क तथा उक्त वेब पोर्टल हेल्प डेस्क पर अपलोड कर सकते है।

(श्रवण कुमार पाटीदार)
अध्यक्ष
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

(अब्दुल रउफ खान)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

### मंदसौर जिले में अब तक 476.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 476.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 8.8 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 3.0 मि.मी., सीतामऊ में 2.6 मि.मी., सुवासरा में 10.0 मि.मी., गरोठ में 19.8 मि.मी., भानपुरा में 16.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 5.0 मि.मी., धुधंड्का में 10.0 मि.मी., शामगढ़ में 18.2 मि.मी., संजीत में 8.0 मि.मी., कयामपुर में 5.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 530.0 मि.मी., सीतामऊ में 401.8 मि.मी. सुवासरा में 331.8 मि.मी., गरोठ में 462.2 मि.मी., भानपुरा में 1170.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 272.0 मि.मी., धुधंड्का में 365.0 मि.मी., शामगढ़ में 423.4 मि.मी., संजीत में 370.0 मि.मी., कयामपुर में 379.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 534.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

# पी.एम.एफ.ई.योजना से लाभावित युवा किसान विशाल पाटीदार द्वारा खाद्य तेल प्रसंस्करण लघु उद्योग स्थापित

## प्रतिमाह तीस हजार रूपये आय प्राप्त कर रहे है,युवा किसान श्री पाटीदार

**नीमच** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना(PMFME) के तहत नीमच विकासखण्ड के ग्राम केलुखेड़ा के युवा किसान विशाल पाटीदार 3.45 लाख रूपये का ऋण लेकर खाद्य तेल प्रसंस्करण लघु उद्योग स्थापित कर प्रतिमाह 30 हजार रूपये की कमाई कर आत्मनिर्भर बन गए है।युवा किसान श्री विशाल पाटीदार ने हर्कियाखाल चौराहे पर बालाजी लघु उद्योग के नाम से अपना स्वंय का खाद्य, तेल प्रसंस्करण लघु उद्योग स्थापित किया है ।उद्यानिकी विभाग ने उन्हे योजना के तहत 3.45 लाख का ऋण उपलब्ध करवाया है। इस पर शासन द्वारा उन्हे 1.21 लाख रूपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदान गई है ।युवा किसान केलुखेड़ा निवासी



श्री विशाल पाटीदार अपने इस खाद्य तेल प्रसंस्करण उद्योग के माध्यम से मूगफली,सोयाबीन,एवं अन्य तिलहन का प्रसंस्करण कर तेल निकालकर फिल्टर तेल ग्रामीणों को बाजार से कम मूल्य पर उपल्बध करा रहे है । इस कार्य के लिए उन्हे अच्छा मुनाफा मिल रहा है, साथ ही तेल निकालने के बाद उन्हे खली के रूप में अच्छी गुणवत्ता की खली(पशु आहार) भी मिल रहा है । इसका भी उन्हे अच्छा दाम मिल रहा है । बिजली बिल का भुगतान एवं अन्य खर्च निकालने के बाद विशाल पाटीदार प्रतिमाह 20 हजार रूपये की शुद्ध आय प्राप्त कर रहें है । उनका यह लघु उद्योग सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर खाद्य तेल एवं खली उपलब्ध होने से ग्राहकों की संख्या भी बढने लगी है । श्री विशाल पाटीदार ने पीएमएफई योजना की बदौलत अपने आप को एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर लिया है । अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन गए है।कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को हर्कियाखल चौराहे पर युवा किसान उद्यमी श्री विशाल पाटीदार द्वारा लगाए गये श्री बालाजी खाद्य, तेल प्रसंस्करण लघु उद्योग का निरीक्षण कर खाद्य तेल निकालने, खाद्य तेल का फिल्टर करने की प्रकिया का अवलोकन किया और श्री पाटीदार से चर्चा का पीएमएफएमई योजना के तहत मिले ऋण,अनुदान ,मासिक आय,लाभ, विपणन प्रकिया, बिजली की खपत और लागत आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने पीएमएफई योजना के तहत लाभांवित श्री विशाल पाटीदार के उद्योग को सोलर प्रोजेक्ट एवं सहकरिता से लिकेंज करने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए है ।

# आदिवासी भील समाज की बैठक संपन्न




ब्यूरो रिपोर्ट - निर्मल मूंदड़ा

**रतनगढ़।** दिनांक 28 जुलाई 2025 को दोपहर 12:00 बजे आदिवासी भील समाज की बैठक माता शबरी आश्रम पर आयोजित की गई, जिसमें मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई आगामी कार्य योजना जैसे की बाबा रामदेव भंडारा एवं भील समाज की जिला नवीन कार्य समिति संबंधित चर्चा की गई। जिले के सचिव ने बताया कि विगत 15 - 20 वर्षों से जो जिला पदाधिकारी और सदस्य जो कार्य कर रहे हैं और अगर समाज की बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं और तो वह कार्यकर्ता या पदाधिकारी बैठक में नहीं आते हैं एवं समय नहीं है तो अपने-अपने विचार व्यक्त करके और जिला समिति को लिखित आवेदन देकर अपने कार्य से मुक्त हो सकते हैं और आगामी बैठक रविवार दिनांक 17 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बैठक आयोजित की जावेगी। जिसमें जिला अध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष जिला सचिव का नवीन कार्य संबंधित चर्चा की जावेगी एवं बाबा रामदेव भंडारा भी जिला समिति द्वारा प्रारंभ किया जावेगा। साथ ही 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस समाज के जिले के समस्त युवा कार्यकर्ताओ द्वारा मनाया जा रहा है उसका जिला समिति द्वारा भव्य स्वागत करने का भी सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। उक्त जानकारी समाज के जिले के प्रभारी श्री दुर्गेश जी भील एवं जिला संगठन मंत्री अर्जुन जी भील द्वारा दी गई

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यवाही

## दूध ,घी, पनीर आदि के 14 नमूने लिए

**नीमच** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ के निर्देशानुसार, एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच द्वारा दूध की जांच हेतु रामपुरा एवं मनासा में स्थित दूध डेरीयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा श्री बालाजी दूध डेयरी ITI कॉलेज के पास रामपुरा से दूध का नमूना एवं न्यू महावीर दूध डेयरी रामपुरा से दूध एवं घी के नमूने एवं श्री अमर डेयरी मंदसौर नाका मनासा से दूध, घी, पनीर के नमूने एवं सांची मिल्क चिलिंग सेंटर मनासा से दूध का नमूना एवं श्री चारभुजा मिल्क सेंटर मनासा से दूध का नमूना लिए गए । नमूनों को जांच



हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री यशवंत कुमार शर्मा एवं श्री राजू सोलंकी की टीम द्वारा की गई। मिलावट से मुक्ति के तहत यह जांच अभियान सतत जारी रहेगा।


**कार्यालय नगर परिषद डीकेन जिला नीमच (म.प्र.)**

क्रमांक–1236/रा.वि./2025 डीकेन, दिनांक– 25./07/2025

**!! दुकान नीलामी (ई–निविदा) आमंत्रण सूचना !!**

नगर परिषद् डीकेन के स्वामित्व की गुड़ाहोला मार्ग व गुड़ाहोला मार्ग से हटकर यूआईडीएसएमटी योजना अंतर्गत निर्मित दुकानो का आवंटन, निर्धारित शर्तों एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम, 2016 के नियमों व संशोधित नियम 04 मई 2021 अनुसार निम्न तालिका मे वर्णित संपत्तियों के विकय हेतु आनलाईन पद्धति से www.mptenders.gov.in.gov.in के माध्यम से ई–निविदा–कम–आक्शन दुकान के सामने अंकित ई–निविदा /नीलामी आमंत्रित की जाती है।

| क. | आनलाईन निविदा कमांक | दुकान क्रं. | भूखण्ड़ों /भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्ड़ों / भूखण्ड का आकार (वर्ग फीट में) अनुमानित | भूखण्डों / भूखण्ड की प्रस्तावित प्रीमियम रूपये | भूखण्ड़ों / भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रू. | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_380841_5 | 1 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 02 | 2024_UAD_380842_5 | 2 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 03 | 2024_UAD_380846_5 | 3 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 04 | 2024_UAD_380856_5 | 11 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 05 | 2024_UAD_380858_5 | 12 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 06 | 2024_UAD_380860_5 | 13 | अनारक्षित | 10.6×15 | 224214/- | 23000/- | 2,000/ |
| 07 | 2024_UAD_380861_5 | 14 | अनारक्षित | 10.6×15 | 224214/- | 23000/- | 2,000/ |
| 08 | 2024_UAD_380868_5 | 23 | अनारक्षित | 10.6×15 | 224214/- | 23000/- | 2,000/ |
| 09 | 2024_UAD_380875_5 | 32 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 10 | 2024_UAD_380878_5 | 36 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |
| 11 | 2024_UAD_380881_5 | 35 | अनारक्षित | 10×15 | 219006/- | 22000/- | 2,000/ |

शर्ते :–

1. आनलाईन दुकान निलामी ई– निविदा प्रकाशन दिनांक 24.07.2025 से आनलाईन बीड प्रस्तुति करने की दिनांक 11.08.2025 सायं 17:00 बजे तक क्रय कर बिड ऑनलाईन डाली जा सकती है।
2. दुकान नीलामी हेतु विस्तृत शर्त/नियम आनलाईन वेबपोर्टल www.mptenders.gov.in.gov.in तथा कार्यालयीन समय मे अवकाश के दिनों को छोडकर नगर परिषद की राजस्व शाखा मे देखी जा सकती है।
3. आनलाईन बीड समीट करने की अंतिम दिनांक–11.08.2025 समय – 17:00 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल बेबसाईट www.mptenders.gov.in.gov.in पर किया जावेगा।
4. उपरोक्त निविदा के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेगें। पृथक से समचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।
5. ई–निविदा मे भाग लेने हेतु निविदाकार को उल्लेखित वेब पोर्टल पर दिये गए निर्देशानुसार डिजिटल सिग्नेचर बनवाई जाकर नजदीकी एम.पी.आनलाईन कियोस्क तथा उक्त वेब पोर्टल हेल्प डेस्क पर अपलोड कर सकते है।

(श्रवण कुमार पाटीदार)
अध्यक्ष
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

(अब्दुल रउफ खान)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

पृ. क्रमांक–1237/रा.वि./2025 डीकेन, दिनांक– 25./07/2025


# लक्ष्य बनाकर मेहनत करें, जिले के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करें : कलेक्टर श्रीमती गर्ग

## वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शामगढ़ का लोकार्पण किया

**मंदसौर** वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शामगढ़ का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री राहुल चौहान, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई। इसके साथ ही बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा कि लक्ष्य बनाकर मेहनत करें, अच्छे से पढ़ें। पढ़ाई करके जिले के साथ अपने प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। लक्ष्य बनाकर मेहनत करना और अच्छे से पढ़ाई करना सफलता की कुंजी है। अपने लक्ष्यों को स्पष्ट और विशिष्ट रूप से परिभाषित करें। इससे आपको पता चलेगा कि आपको क्या हासिल करना है और आप उसके लिए कैसे काम कर सकते हैं। अपने



लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाएं। इसमें छोटे और प्रबंधनीय कदम शामिल होने चाहिए जो आपको अपने अंतिम लक्ष्य की ओर ले जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार ने नवीन भवन के शुभारंभ पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि बच्चों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति तक नहीं रुकना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति को सुलभ एवं आसान बनाया है। आज का युवा नौकरी पाने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला युवा बन रहा है। सरकार विद्यार्थियों के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं।

# उज्जैन में महाकाल की पहली सवारी 14 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी

**उज्जैन**। सावन के महीने में मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में धूम मचने वाली है. महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की शाही सवारी की तैयारी की जा रही है. वैसे तो पूरे साल ही उज्जैन के हर कोने में भगवान महाकाल का गुणगान होता है, लेकिन सावन के महीने में यहां भक्तों में जोश और जुनून और भी बढ़ जाता है. सावन के पावन महीने का हर सोमवार शिव भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल सावन माह में महाकाल की शाही सवारी की शुरुआत 14 जुलाई से होने वाली है जो 18 अगस्त तक चलेगी. इस दौरान उज्जैन के कोने-कोने में भक्तिमय माहौल होता है और लाखों की संख्या में अलग-अलग जगहों से भक्त उज्जैन पहुंचते हैं.

सावन के हर सोमवार पर महाकाल की भव्य सवारी निकाली जाती है. महाकाल को अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर दिव्य स्वरूपों में पूरे शहर में घुमाया जाता है. ये यात्रा एक शक्तिशाली आध्यात्मिक अनुभव है. खासकर महाकाल की अंतिम शाही सवारी, अपनी भव्यता के लिए जानी जाती भगवान महाकाल की सवारी को मंदिर के द्वार पर 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया जाएगा. सवारी के आरंभ के बाद, सवारी अपने पारंपरिक मार्ग यानी महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्शी बाजार और कहारवाड़ी से होते हुए रामघाट पहुंचेगी. रामघाट पर, भगवान महाकाल को शिप्रा नदी के पवित्र जल से स्नान कराया जाएगा और पूजा-अर्चना की जाएगी.



# सिंगोली तहसील मुख्यालय पर पटियाला मार्ग पर बनी पुलिया मे गड्ढे के कारण आज बड़ा हादसा होते होते बचा मोटरसाइकिल पर सवार महिला पूरुष ओर बच्चे पुलिया पर बहते पानी मे पुलिया पर हो रहे गड्ढे में जा गिरे

ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप जैन

**सिंगोली**। तहसील मुख्यालय सिंगोली पर आज बहुत बड़ा हादसा होते होते बचा। घटना पटियाला मार्ग पर बनी पुलिया पर घटित हुई। क्षेत्र में लगातार बरसात के कारण सड़क ओर पुलियाएं गड्ढों से छलनी हो रही हैं आज पटियाला मार्ग पर बनी पुलिया पर ग्रामीण महिला पूरुष ओर बच्चे मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे पुलिया पर पानी होने से पुलिया मे हो रहे बड़े बड़े गड्ढे दिखाई नही दिए और मोटरसाइकिल गड्ढे में गिर गई जिसके कारण महिला पूरुष ओर बच्चे धड़ाम से नीचे गिर गये गनिमत रही पानी कम ओर बहाव भी अधिक नही था जिसके कारण सभी लोग बच गए घटना पर मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़ कर निचे गिरे सभी को उठाया और मोटरसाइकिल को पुलिया के पार पहुंचाया।इस तरह



के हादसे को प्रशासन गंभीरता से ले ओर त्वरित सड़क ओर पुलियाओ के गड्ढे भरने का काम करे अन्यथा कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है।

# मल्हारगढ़ पुलिस ने 60 किलो डोडाचूरा के साथ राजस्थान के दो तस्करो को किया गिरफ्तार

ब्युरो रिपोर्ट - निखिल सोनी

**मंदसौर**। मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 60 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी राजेन्द्र पंवार के नेतृत्व में महू-नीमच हाईवे स्थित मल्हारगढ़ कृषि मंडी के समीप अंजाम दी गई। पुलिस ने मौके से हुंडई एक्सेंट कार क्रमांक DL-1-CAC-7518 से दो तस्करों जस्साराम पिता पुखाराम मेघवाल, उम्र 24 वर्ष, निवासी काकानी, थाना लूणी, जिला जोधपुर (राजस्थान) एवं विक्रम पिता कन्हैयालाल मेघवाल उम्र 19 वर्ष निवासी डोडीकला, थाना कल्याणपुर, जिला बालोतरा (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# नाग पंचमी पर्व पर भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए मध्य रात्रि में पट खुले.....



**उज्जैन** । नाग पंचमी के अवसर पर साल में एक बार खुलने वाले भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट रात्रि 12 बजे शुभ मुहूर्त में खोले गए । मंदिर के पट खुलने के बाद सर्वप्रथम श्री पंचायती महानिर्वाणीअखाडा श्री महाकालेश्वर मंदिर के महंत श्री विनीतगिरी महाराज जी ने विधि-विधान से श्री नागचंद्रेश्वर भगवान का पूजन अर्चन किया । इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे ।श्री नाग चंद्रेश्वर की प्रतिमा के पूजन के पश्चात श्री नागचंद्रेश्वर के शिवलिंग का पूजन और अभिषेक किया गया । पूजन अर्चन के बाद भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए

---

ार्यालय नगर परि[illegible] डीकेन [illegible]जिला नीमच (म.प्र.)

क्रमांक/१२५० / रा.वि. / 2025—26 डीकेन, दिनांक—25 / 07 / 2025

!! भूखण्ड नीलामी (ई-निविदा) आमंत्रण सूचना !!

नगर परिषद् डीकेन के स्वामित्व की गुड़ाहोला मार्ग व गुडाहोला मार्ग से हटकर यूआईडीएसएमटी योजना अंतर्गत भूखण्ड़ों का आवंटन, निर्धारित शर्तों एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम, 2016 के नियमों व संशोधित नियम 04 मई 2021 अनुसार निम्न तालिका मे वर्णित संपत्तियों के विकय हेतु आनलाईन पद्धति से www.mptenders.gov.in.gov.in के माध्यम से ई–निविदा–कम–आक्शन भूखण्ड़ के सामने अंकित ई–निविदा /नीलामी आमंत्रित की जाती है।

| क. | आनलाईन निविदा कमांक | भूखण्ड़ क्रं. | भूखण्ड़ों /भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्ड़ों / भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) अनुमानित | भूखण्डों / भूखण्ड की प्रस्तावित प्रीमियम रूपये | भूखण्ड़ों / भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रू. | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_403165_3 | 159 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 02 | 2025_UAD_403166_3 | 160 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 03 | 2025_UAD_403169_3 | 161 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 04 | 2025_UAD_403170_3 | 162 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 05 | 2025_UAD_403171_3 | 163 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 06 | 2025_UAD_403173_3 | 164 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 07 | 2025_UAD_403174_3 | 165 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 08 | 2025_UAD_403175_3 | 166 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 09 | 2025_UAD_403176_3 | 167 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 10 | 2025_UAD_403177_3 | 168 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 11 | 2025_UAD_403178_3 | 169 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 12 | 2025_UAD_403179_3 | 170 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 13 | 2025_UAD_403180_3 | 171 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 14 | 2025_UAD_403181_3 | 172 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 15 | 2025_UAD_403184_3 | 175 | अपिव | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 16 | 2025_UAD_403186_3 | 176 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 17 | 2025_UAD_403188_3 | 177 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 18 | 2025_UAD_403191_3 | 178 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 19 | 2025_UAD_403192_3 | 179 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 20 | 2025_UAD_403193_3 | 180 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 21 | 2025_UAD_403196_3 | 181 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 22 | 2025_UAD_403198_3 | 182 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 23 | 2025_UAD_403199_3 | 183 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 24 | 2025_UAD_403211_3 | 184 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 25 | 2025_UAD_403215_3 | 185 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 26 | 2025_UAD_403217_3 | 186 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 27 | 2025_UAD_403219_3 | 187 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 28 | 2025_UAD_403220_3 | 188 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 29 | 2025_UAD_403221_3 | 189 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 30 | 2025_UAD_403222_3 | 201 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 31 | 2025_UAD_403223_3 | 202 | अ.जा. / अ.ज.जा. | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 32 | 2025_UAD_403225_3 | 203 | अनारक्षित | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |
| 33 | 2025_UAD_403227_3 | 204 | महिलाओं हेतु | 6x12 | 223200/ | 23000/ | 2,000/- |

शर्तें :—

1. आनलाईन भूखण्ड़ निलामी ई— निविदा प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 से आनलाईन बीड प्रस्तुति करने की दिनांक 12.08.2025 सायं 17:00 बजे तक क्रय कर बिड ऑनलाईन डाली जा सकती है।
2. भूखण्ड़ नीलामी हेतु विस्तृत शर्त/नियम आनलाईन वेबपोर्टल www.mptenders.gov.in.gov.in तथा कार्यालयीन समय मे अवकाश के दिनों को छोडकर नगर परिषद की राजस्व शाखा मे देखी जा सकती है।
3. आनलाईन बीड समीट करने की अंतिम दिनांक— 12.08.2025 समय — 17:00 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल बेबसाईट www.mptenders.gov.in.gov.in पर किया जावेगा।
4. उपरोक्त निविदा के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेगें। पृथक से समचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।
5. ई—निविदा मे भाग लेने हेतु निविदाकार को उल्लेखित वेब पोर्टल पर दिये गए निर्देशानुसार डिजिटल सिग्नेचर बनवाई जाकर नजदीकी एम.पी.आनलाईन कियोस्क तथा उक्त वेब पोर्टल हेल्प डेस्क पर अपलोड कर सकते है।

(श्रवण कुमार पाटीदार)
अध्यक्ष
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

(अब्दुल रउफ खान)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डीकेन म.प्र.

# महाकाल भक्त मंडल चीताखेड़ा द्वारा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई कांवड़ यात्रा

## भोलेनाथ की सवारी नंदी के कान में अपनी मनोवांछित कामना पूर्ति के लिए की विनती

ब्यूरो रिपोर्ट- भगत मांगरिया

**चीताखेड़ा**। उज्जैन में आनंद भयो जय हो महाकाल की..., सज रहे भोले बाबा निराले दुल्हे में..., ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ ने सारा कैलाश मगन हो गया..., शिव का वंदन किया करो जी.., आदि डीजे साउण्ड पर शिव के मधुर संगीत गीतों की स्वर लहरियों की धुनों एवं ढोल ढमाकों की गुंज पर नाचते - झुमते,थिरकते डमरू, ताशों और खंजरी बजाते हुए महाकाल के गगनभेदी जयघोष करते हुए 5 किलोमीटर दूरी तय कर भगवान श्री रामझर महादेव धाम पहुंचे। कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों की सबसे ज्यादा संख्या पुरुषों से अधिक महिलाओं की देखी गई। इसमें 5 साल से लेकर 65 साल तक के कांवड़ शिव भक्तों ने कंधे पर उठाकर सह भागी बनें। कन्हैयालाल माली ने 100 लीटर पानी से भरी कांवड़ उठाकर कांवड़ यात्रा में शामिल हुए जो आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। शिव भक्तों ने श्रावण मास में शिव प्रिय द्रव्या वली अर्पित करने से भूत भावन, उमापति महादेव मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। सभी देवताओं में शिव अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव है। श्रावण मास शिव सत्ता के द्वारा ही सृष्टि संचालित होती हैं ,शिव तो ध्यान की उत्कृष्ट साधना के परिचायक है ।

महाकाल भक्त मंडल चीताखेड़ा द्वारा सावन माह में तीसरे सोमवार को जिस मार्ग से कावड़ यात्रा निकाली गई उस मार्ग पर जगह-जगह पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठन के लोगों द्वारा स्वल्पाहार की स्टाइलें लगाईं गई। भक्तों ने व्रत रखकर महादेव की उपासना की। सुबह शिवालयों में बेलपत्र, दुग्ध, पंचामृत,शहद,



शक्कर,दही सहित आदि पूजा सामग्री से भोलेनाथ का अभिषेक किया गया।

**चीताखेड़ा** -जीरन मार्ग पर दलपतपुरा के समीप मनोहारी झील में स्थित अतिप्राचीन रामझर महादेव मंदिर पर शिव भक्तों का बड़ी संख्या में सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की दर्शन करने की होड़ लगी हुई। बोल बम बम..,हर हर महादेव.., जय श्री महाकाल.. ओम् नमः शिवाय.. ओम् नमः शिवाय.. आदि जयकारों से शिवालय गुंजायमान कर दिया। पुजारी द्वारा भगवान भोलेनाथ रामझर महादेव का फूलों से श्रृंगार किया गया। भोलेनाथ के आकर्षक श्रंगार का दर्शन करने श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे दिव्य दर्शन कर भोलेनाथ की सवारी नंदी महाराज के कान में अपनी मनोवांछित कामना पूर्ति के लिए अर्जी लगाई।

महाकाल भक्त मंडल चीताखेड़ा द्वारा सावन माह में तीसरे सोमवार को प्रातः 9 बजे गांव के बजरंग मंदिर से डीजे साउण्ड एवं ढोल ढमाकों के साथ भव्य कांवड़ यात्रा प्रारम्भ हुई। हर हाथ में कांवड़ लिए श्रद्धालु महादेव की भक्ति में डूबे दिखाई दिए। श्रावण माह में चीता खेड़ा गांव एक बार फिर महादेव की भक्ति के रंग में रंग गया।गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई रामझर महादेव धाम पहुंची। कांवड़ यात्रा में भगवान महाकाल की मिनी ट्रैक्टर ट्राली में झांकी आकर्षक ढंगसे सजाई गई थी।

## कलेक्टर श्रीमती गर्ग के प्रशासकीय निर्देशन में जिला सहकारी बैंक ने दर्ज की उपलब्ध्यिों की मिसाल

**मंदसौर** जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील कच्छारा द्वारा बताया गया कि जिला सहकारी बैंक मंदसौर के प्रशासक एवं कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के कुशल प्रशासकीय निर्देशन में 29 जुलाई 2025 को उनके बैंक प्रशासक कार्यकाल का सफलतम एक वर्ष पूर्ण हुआ। यह वर्ष बैंक के लिए न केवल संगठनात्मक दृष्टि से, बल्कि वित्तीय और जनहित के स्तर पर भी अत्यंत उल्लेखनीय सिद्ध हुआ है। श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा 29 जुलाई 2024 को जिला सहकारी बैंक मंदसौर के प्रशासक का कार्यभार ग्रहण करते समय बैंक की।

## ग्राम जाट मे बारिश के कारण बाड़े की दीवार गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा, दो मवेशियो की हुई मौत व एक गंभीर घायल



ब्यूरो रिपोर्ट- सत्यनारायण सुथार

**जाट**। रतनगढ़ सिंगोली तहसील क्षेत्र में रविवार देर शाम से हो रही जोरदार बारिश के कारण नदी नाले पूरी तरह से ऊफान पर आ गए हैं। वहीं कई स्थानों पर निचली बस्तियों में भी पानी भराने की घटनाएं भी सामने आ रही है।रविवार सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण सिंगोली तहसील क्षेत्र के ग्राम जाट के वार्ड क्रमांक 6 के भटवाडा मोहल्ले में दीवार गिरने की जानकारी सामने आई है।बताया जा रहा है। कि रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि को तेज बारिश के कारण जाट निवासी कालूराम कलार के बाड़े की पक्की दीवाल रात्रि में अचानक से गिरने से बाडे में बांधकर रखे हुए मवेशियों में से एक भेंस का बछड़ा लगभग 2 वर्ष और एक गाय का बछड़ा एक वर्ष और एक पाड़ी 4 वर्ष दीवार गिरने के कारण मलबे में बुरी तरह से दब गए। इस दौरान गाय के बछड़े और भैंस के बछड़े की दर्दनाक मौत हो गई 1 वहि हादसे में घायल हुई एक पाड़ी की हालत भी गंभीर बताई जा रही हैं।जिसको ग्रामीणों की सहायता से गंभीर रूप से घायल अवस्था में दीवार के गिरे मलबे को हटाकर बमुश्किल बाहर निकाला गया।पीड़ित ग्रामीण कालूराम कलार ने बताया कि प्रातः 5:30 जब मे प्रतिदिन की भांति अपने बाडे में दूध निकालने के लिए गया।तो मुझे दीवार गिरने की जानकारी मिली।और हादसे मे मवेशी नीचे दबे हुए थे। मेरे द्वारा चिल्लाने पर आसपास के पड़ोसी आए और मवेशियों को मलवे से किसी तरह से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक एक गाय के बछड़े और भैंस के एक बछड़े की मौत हो चुकी थी। और एक बुरी तरह से घायल हो गया था। पशु मालिक द्वारा पुलिस चौकी जाट पर आवेदन दिया गया। साथ ही पशु चिकित्सक को भी सूचना दी गई।इस दौरान पशु चिकित्सक महेंद्र सिंह द्वारा गंभीर रूप से घायल मवेशी का उपचार किया एवं हादसे के दौरान मृत हुए दोनो पशुओं का पोस्टमार्टम कर पशु मालिकको सोपा गया।


### कार्यालय नगर परिषद सरवानिया महाराज जिला नीमच (म.प्र.)

क्रमांक-505/राजस्व/2025 सरवानिया महाराज, दिनांक 18/07/2025

// नामान्तरण विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी हेतु यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 व 151 के तहत नगर परिषद की सम्पतिकर रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करवानें हेतु रजिस्ट्री/दानपात्र/मृतक नामान्तरण/वसीयतनामा/बंटवारा/ लेख आदि के आधार पर नामांन्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया ।

अतः इस संबध में किसी प्रकार आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के 30 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति नगर परिषद अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद अवधि किसी की आपत्ति मान्य नही की जावगीं एंव नामान्तण हेतु कार्यवाही की जावेगी।

| कं. | प्रकरण कमांक | हस्तांतरित का नाम (केता) | हस्तान्तरण कर्ता का नाम (विकेंता) | भू. भवन कमांक | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 34/2025 | श्रीमति सुमन पति राजेश दमामी निवासी सरवानिया हाराज | श्रीमति शानुबाई पिता रामचन्द्र पाल | वार्ड क. 02 भवन/भुखण्ड आईडी क. 1003877744 | रजिस्ट्री अनुसार |
| 2 | 35/2025 | श्रीमति संतोष पति राधेश्याम राठौर निवासी नीमच | श्री चमपालाल पिता नन्दलाल गायरी | वार्ड क. 02 भवन/भुखण्ड क. 12 | रजिस्ट्री अनुसार |
| 3 | 36/2025 | श्री सत्यनारायण पिता दुलीचन्द्र पाटीदार निवासी मुकन्पुरा | श्री दिनेशचन्द्र पिता मिठ्ठुलाल दमामी | वार्ड क. 01 भवन/भुखण्ड आईडी 7002448045 | रजिस्ट्री अनुसार |
| 4 | 37/2025 | श्री दौलतराम पिता मोडीराम पाल निवासी सरवानिया महाराज | श्री मोडीराम पिता उकारलाल पाल | वार्ड क. 15 में न्यु आईडी पर | ड्रायवर्जन अनुसार |
| 5 | 38/2025 | श्रीमति सुमित्राबाई पति पुरणमल पाटीदार निवासी सरवानिया महाराज | श्री श्यामसुन्द,दशरथ पिता उदयराम पाटीदार | वार्ड क. 10 भवन/भुखण्ड कमांक 105,106,107,109 | रजिस्ट्री अनुसार |
| 6 | 39/2025 | श्रीमति गुड्डीबाई पति गोपाल चौहान निवासी बरखेडा चौहान | श्री मुकेश पिता बाबुलाल गायरी | वार्ड क्रं. 03 भवन/भुखण्ड क्रं. 31 के भाग पर | रजिस्ट्री अनुसार |
| 7 | 39/2025 | श्री मुख्यतार अली शाह पिता एहमद हुसैन निवासी नीमच | श्रीति कनिजाबी पति अनवर हुसैन,फिरोजाबी पति मंजुर हुसैन,रिजवानाबी पति मो.हुसैन | वार्ड क. 11 भवन/भुखण्ड क. 41 | रजिस्ट्री अनुसार |
| 8 | 40/2025 | श्रीमति लक्ष्मीबाई पति कालूसिंह देवड़ा निवासी सरवानिया महाराज | श्री कालूसिंह पिता राधुसिंह देवड़ा | वार्ड क्रं. 03 भवन/भुखण्ड क्रं. 23 के भाग पर | मृत्युप्रमाण पत्र/शपथ पत्र अनुसार |
| 9 | 41/2025 | श्री राजुलाल पिता परमेशवर भोई निवासी सरवानिया महाराज | श्री परमेशवर पिता दुर्गालाल भोई | वार्ड क्रं. 03 भवन/भुखण्ड क्रं. 89 | दान रजिस्ट्री अनुसार |
| 10 | 42/2025 | श्री मदनलाल पिता मांगीलाल भट्ट निवासी आमलीभाट | श्री विक्की पिता जानकीलाल पाटीदार | वार्ड क्रं. 15 भवन/भुखण्ड क्रं. 21 न.पा. दुकान | रजिस्ट्री अनुसार |
| 11 | 43/2025 | श्रीमति संजूबाला पति सत्यनारायण पुर्बिया निवासी मनासा | श्री बालुराम जी पाटीदार<br>श्री विजय जी पाटीदार<br>श्री विमलकुमार जी पाटीदार<br>निवासी – नीमच | वार्ड क्रं. 01 श्रीराम कॉलोनी भवन/भुखण्ड क्रं. 123 | रजिस्ट्री अनुसार |

(रूपेन्द्रसिंह जैन)
अध्यक्ष
नगर परिषद सरवानिया महाराज

(रामलाल राठौर)
उपाध्यक्ष
नगर परिषद सरवानिया महाराज

(अब्दुल रउफ खान)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सरवानिया महाराज

# कांच के शाही श्रृंगार में दर्शन दिए मनोकामना महादेव ने...



**नीमच** : श्रवण माह के पवित्र तृतीय सोमवार को नीमच सिटी मार्ग स्थित 167 साल पुराने बैकुंठ मुक्तिधाम, बड़ी पुलिया के पास मनोकामना महादेव मंदिर भोलेनाथ को कांच से श्रृंगारित झोपड़ी में विराजित किया गया। संरक्षक शिव माहेश्वरी, अध्यक्ष दिलीप छाजेड़, रमेश जायसवाल,मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह जायसवाल ने बताया कि इस अवसर पर महादेव के सर पर जट्टा से गंगा की अमृत जलधारा बह रही थी और रणत भंवर गणेश सवाई माधोपुर स्थित रणथंबोर अभ्यारण जैसे शेर चीते और हिरण घूमते हुए दिखाए गए।आम जनता श्रद्धालु भक्तों द्वारा सुबह ५ बजे से भोलेनाथ का अभिषेक दोपहर 1 बजे तक किये उसके पश्चात श्रद्धालुओं को झांकी के दर्शन करने का अवसर मिला । धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों ने पंक्ति में उपस्थित होकर झांकी का दर्शन लाभ ग्रहण कर मंगल मनोकामना का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शंकर भगवान पर आधारित विभिन्न भजन कीर्तन की स्वर लहरिया बिखर रही थी।आरती के बाद। प्रसाद वितरण किया गया।

# सावन सोमवार पर निकली भुतेश्वर महादेव की तीसरी शाही सवारी

## ढोल की थाप पर लेजिम बजा खुब झुमे भक्त, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महादेव के भोग लगा किया प्रसाद वितरण

ब्यूरो रिपोर्ट- प्रदीप जैन

**सिंगोली**। सावन माह के तीसरे सोमवार को भगवान भूतेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली गई। इसकी शुरुआत शिव मंदिर से हुई। इसके बाद बाबा भुतेश्वर नाथ की सवारी ढोल-ढमाकों के साथ विभिन्ना मार्गों से होती हुई बापु बाजार कबुतर खाना पहुची जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने महादेव कि पुजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगा भक्तों को केलो का प्रसाद वितरण किया सवारी में भक्त बोल बम, हर हर महादेव के गगन भेदी नारो के साथ लेजिम बजाते चल रहे थे महादेव की सवारी ब्राह्मणी नदी के तट स्थित बोहरा घाट मंदिर पहुंची। शाही सवारी के जरिए भगवान भूतेश्वर महादेव ने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल धर्मप्रेमी नगरवासी महिला, पुरुष, बच्चे भक्त भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का कई स्थानों पर श्रृध्दालुओ द्वारा पुजा अर्चना कि गई। बोहरा घाट पर भोलेनाथ की महाआरती की गई। इसके उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया। घाट पर नदी के जलभराव के चलते पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही! कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शाही सवारी में फल वितरण अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता दिनेश शर्मा, शंभू लाल छिपा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बनवारी जोशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागोरी, पार्षद राजेश भंडारी,




पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण बिश्नोई, मंडलम अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, पूर्व जिला युवा कांग्रेस महासचिव राजकुमार छिपा, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष नानालाल धाकड़, गोटू, धीरज जैन, राजकुमार खटीक, ओमप्रकाश बलाई, शांतिलाल प्रजापत, प्रियांशु अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता भक्त उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग ने इंडस्ट्रियल एरिया स्लेट पेंसिल कांपलेक्स में किया टीबी जागरूकता प्रशिक्षण शिविर

**मंदसौर**। टीबी के नोडल अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग गर्ग के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी एस चौहान के सानिध्य में मंदसौर इंडस्ट्रियल एरिया स्लेट पेंसिल कंपलेक्स में टीबी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवक श्री नाहरू खान एवं हाजी श्री आबिद पूर्व पार्षद की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया गया। नाहरू खान द्वारा टीबी टीम का फूल माला से स्वागत किया गया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सेंट्रल टी.बी. डिवीजन के निर्देशानुसार वाधवानी AI द्वारा VMTB AI application के द्वारा मध्यप्रदेश के 05 जिलों का चयन एक्टिव केस फाईडिंग सर्वे के लिए किया गया है, जिसमे मंदसौर जिले का चयन भी किया गया था। जिसके अंतर्गत अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन मे जिले के 227 संभावित उच्च जोखिम (High Vulnerable Population) वाले ग्रामों मे माह जुन 2025 से घर-घर जाकर एक्टिव केस फाईडिंग सर्वे का कार्य किया जा रहा है । 27 जुलाई 2025 तक संभावित ग्रामों की 553375 जनसंख्या का सर्वे पूर्ण हो गया है, जिसमे संभावित पाए गए क्षय रोगियों मे से लगभग 3800 मरीजो के बलगम एवं एक्स-रे की जांच की गई है, जिनमे से 137 नवीन टीबी रोगियों को खोजा गया है। वर्तमान मे भी जिला स्तर से चयनित स्थानों पर एक्स-रे हैण्ड हैल्ड मशीन ले जाकर गांव गांव में एक्सरे किये जा रहा है।

# रामझर महादेव कांवड़ यात्रा 2025 क्षेत्र के गांव गांव से पहुंचेगी कावड़ यात्राएं, उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

**हरवार**।सावन का महीना है... चारों ओर हरियाली है... और वातावरण गूंज रहा है "हर हर महादेव" के जयघोष से। ऐसे पुण्यकाल में जब श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट करते हैं,वैसा ही एक भव्य और दिव्य आयोजन होने जा रहा है जीरन तहसील की ग्राम पंचायत दलपतपुर के अंतर्गत स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण अरावली की वादियों में बसे "रामझर महादेव मंदिर" में। तृतीय सावन सोमवार, 28 जुलाई 2025 को यहां आयोजित होगा एक दिवसीय धार्मिक मेला व विशाल महाप्रसादी भंडारा, जहां 30 से 40 गांवों से हज़ारों की संख्या में कांवड़ यात्राएं पहुंचेगीं। और भोलेनाथ के दरबार में जलाभिषेक कर पुण्य लाभ लेंगी। रामझर महादेव सेवा समिति द्वारा यह आयोजन बीते 11 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु तन, मन, धन से सेवा में जुटे हैं। इस पवित्र स्थल की एक खास विशेषता यह भी है कि यह स्थान सर्प दोष निवारण हेतु जागृत माना जाता है। श्रद्धालु यहां आकर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं, जिससे सर्प दोष से मुक्ति मिलती है — यह आस्था पीढ़ियों से लोगों के अनुभवों पर आधारित है। इस अवसर पर आने वाले हर भक्त का भव्य स्वागत किया जाएगा, हर शिवभक्त को महाप्रसाद प्राप्त होगा, और पूरे



आयोजन में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। रामझर महादेव मंदिर विकास समिति आपसे अनुरोध करता है कि इस पावन अवसर पर रामझर महादेव पहुंचकर धार्मिक लाभ उठाएं।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल "सीआरपीएफ" में भव्य रूप से मनाया गया 87 वां स्थापना दिवस

**नीमच**। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने रविवार को सी आर पी एफ कैम्पस नीमच में स्टेशन स्तर पर 87वां स्थापना दिवस पूरी गरिमा, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर ऐतिहासिक शौर्य स्थल में शहीद स्मारक पर मुख्य अतिथि संदीप दत्ता आई.जी. सीटीसी नीमच ने सुरेन्द्र कुमार डीआईजी ग्रुप केंद्र नीमच, ब्रिगेडियर (रिटा.) अनमोल सूद डी.आई.जी. आरटीसी नीमच, प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट ग्रुप केंद्र नीमच, छोटन ठाकुर कमांडेंट आरटीसी नीमच, अनुराग राणा कमांडेंट 4 सिगनल बटालियन, विजय कमांडेंट प्रथम बटालियन सहित कैम् पस स्थित सभी संस्थानों के राजपत्रित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों के साथ देश की सेवा में अपने प्राण को न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को पुष् पचक्र अर्पित कर, भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शोक शस्त्र में बैंड धुन के साथ शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा शहीदों को सलामी दी गई। तदुपरांत क्वार्टर गार्ड पर श्री संदीप दत् ता आई.जी. सीटीसी नीमच तथा



सभी संस् थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने रण ऑफ कच्छ से लाई गई, परम पावन माटी से भरे पवित्र कलश पर पुष् पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि 27 जुलाई 1939 को इसी शहर नीमच में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस (सीआरपी) का गठन स्वतंत्रता से पूर्व वर्ष 1939 में ब्रिटिश हुकुमत द्वारा किया गया था। देश में आजादी के बाद 28 दिसम्बर 1949 की केरिपुबल अधिनियम के द्वारा देश के प्रथम माननीय गृहमंत्री श्री सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा इस बल का नाम परिवर्तित करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य एवं गौरव की बात है कि के.रि.पु.बल के 87वें जन्मदिवस पर आज हम नीमच में उपस्थित हैं। उन्होंने आगे बताया कि भारत सरकार द्वारा जिस उद्देश् य के लिए इस बल को खड़ा किया था, उस पर यह बल एकदम खरा उतरा है। यह बल हर चुनौति से निपटने में सक्षम और पूरी तरह से तैयार है। नक्सली, आतंकी और अलगाववादी गतिविधियों जैसी कठिन चुनौतियों और विभिन्न अशांत क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था बनाएं रखने की जिम्मेदारी सीआरपीएफ द्वारा बखूबी निभाई जा रही है। सीआरपीएफ तीन लाख से अधिक संख्या बल के साथ विश्व का सबसे बड़ा सशस्त्र पुलिस बल है। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश् वास है कि हमारे पूर्वजों ने जिस प्रकार कड़ी मेहनत व लगन से इसे सींचा हैं, आप लोग भी बल को उसी कड़ी मेहनत से आगे बढ़ाते रहेंगे और देश सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने से भी कभी पीछे नहीं हटेंगे, देश की एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखेंगे। इस अवसर पर उन्होंने बल के महानिदेशक तथा अपनी ओर से सभी सदस्यों को, इस शुभ एवं पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई वितरित की गई। इसी क्रम में, नीमच शहर में हो रही लगातार बारिश के बावजूद भी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति आम जनमानस में जागृति उत् पन् न करने हेतु सीआरपीएफ के मेहता स्टेडियम से शहर के सरदार चौक होते हुए संयुक्त रूप से विशाल साइकिल रैली निकाली गई। आपसी सहयोग और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए सायंकाल को मेहता स्टेडियम में मैत्री वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, रात्रिभोज में कैम्पस स्थित सभी मैस में बड़ाखाना का आयोजन भी किया गया।

